यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अच्छे लोग, अच्छा बैंक Union Bank of India Good people to bank with

---

प्रेस विज्ञप्ति

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया.

प्रमुख तथ्य

शुद्ध लाभ ↑ ₹225 करोड़	वैश्विक कारोबार ↑ 3.7% (वार्षिक वृद्धि दर)
परिचालन लाभ ↑ ₹1887 करोड़	बचत जमाराशि ↑ 6.6% (वार्षिक वृद्धि दर)

कारोबार :

- वैश्विक कारोबार 30 जून, 2018 के ₹724475 करोड़ के सापेक्ष 3.7 % की दर से बढ़कर 30 जून, 2019 को ₹751487 करोड़ हो गया . घरेलू कारोबार 30 जून, 2018 के ₹700948 करोड़ के सापेक्ष 4.7 % की दर से बढ़कर 30 जून, 2019 को ₹733849 करोड़ हो गया.
- बैंक की कुल जमाराशि 5.9 % की वृद्धि दर से 30 जून, 2018 को ₹405860 करोड़ से बढ़कर 30 जून, 2019 को ₹430014 करोड़ हो गयी.
- बचत जमाराशि 6.6 % की वृद्धि दर से बढ़कर 30 जून, 2018 को ₹115476 करोड़ के सापेक्ष 30 जून, 2019 को ₹123047 करोड़ हो गयी.
- बैंक के वैश्विक अग्रिम 30 जून, 2018 के ₹318615 करोड़ के सापेक्ष 0.9 % की वृद्धि दर से बढ़कर 30 जून, 2019 को ₹321473 करोड़ हो गया.
- घरेलू अग्रिम 30 जून, 2018 के ₹298826 करोड़ के सापेक्ष 2.7 % की वृद्धि के साथ 30 जून, 2019 को ₹306889 करोड़ हो गया. खुदरा अग्रिम 30 जून 2018 के ₹49961 करोड़ के सापेक्ष 15.6% की वृद्धि के साथ 30 जून, 2019 को ₹57735 करोड़ हो गया.

जून, 2019 को समाप्त तिमाही में वित्तीय कार्य निष्पादन:

- शुद्ध लाभ अप्रैल-जून, 2018 के ₹130 करोड़ में 73.1 % सुधार के साथ अप्रैल-जून, 2019 में ₹225 करोड़ हो गया.
- परिचालन लाभ जनवरी-मार्च, 2019 के ₹1730 करोड़ के सापेक्ष 9.1 % की वृद्धि दर से बढ़कर अप्रैल- जून, 2019 में ₹1887 करोड़ हो गया.
- शुद्ध ब्याज आय अप्रैल-जून, 2019 में ₹2519 करोड़ रही. अप्रैल-जून, 2018 के दौरान यह ₹2626 करोड़ थी.

- घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) अप्रैल-जून, 2018 के 2.34 % के सापेक्ष अप्रैल-जून, 2019 में 2.17 % रहा. वैश्विक एनआईएम अप्रैल-जून, 2018 के 2.26 % के सापेक्ष अप्रैल-जून, 2019 में 2.12 % रहा.
- अग्रिमों पर आय जनवरी-मार्च, 2019 के 7.51 % के सापेक्ष अप्रैल-जून, 2019 में बढ़कर 7.81 % हो गयी.
- लागत आय अनुपात जनवरी- मार्च, 2019 के 55.33 % में सुधार के साथ अप्रैल- जून, 2019 में 46.22 % हो गया.
- औसत आस्तियों पर प्रतिफल (वार्षिक) जनवरी-मार्च, 2019 के -2.71 % के सापेक्ष अप्रैल-जून, 2019 में सुधार के साथ 0.17 % हो गया.
- इक्विटि पर प्रतिफल (वार्षिक) जनवरी-मार्च, 2019 के -71.21 % के सापेक्ष अप्रैल-जून, 2019 में सुधार के साथ 4.66 % हो गया.
- प्रति शेयर अर्जन (वार्षिक) जनवरी-मार्च, 2019 के ₹-28.19 के सापेक्ष अप्रैल-जून, 2019 में सुधार के साथ ₹5.09 रहा.

आस्ति गुणवत्ता :

- सकल एनपीए 30 जून, 2018 के 16.00 % के सापेक्ष 30 जून, 2019 को 15.18 % रहा.
- शुद्ध एनपीए अनुपात 30 जून, 2018 के 8.70 % के सापेक्ष 30 जून, 2019 को 7.23 % रहा.
- प्रावधान कवरेज अनुपात 30 जून, 2018 के 56.49 % के सापेक्ष 30 जून, 2019 को 65.88 % रहा.

पूँजी पर्याप्तता :

- बासल III के अंतर्गत बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 30 जून, 2018 के 11.45 % तथा न्यूनतम विनियामक अपेक्षा 10.875 % की तुलना में 30 जून, 2019 को 11.43 % रहा.
- 30 जून, 2019 को टियर I अनुपात 9.27 % है, जिसमें 7.375 % की न्यूनतम विनियामक की तुलना में कॉमन इक्विटि टियर I अनुपात 7.87 % है.

नए डिजिटल एवं संरचनात्मक ट्रांसफोरमेशन पहल:

बैंक ने परिचालन दक्षता, ग्राहक अनुभव और कारोबार गुणवत्ता को सुधारने के लिए अनेक नए पहल आरंभ किए हैं. प्रमुख पहलों में शामिल हैं:

- **फिनेकल 10 में माइग्रेशन** : बैंक ने सफलतापूर्वक 13 महीनों के रिकॉर्ड समय में बैंक की सभी शाखाओं एवं कार्यालयों में सीबीएस वर्जन को फिनेकल 7 से फिनेकल 10 में माइग्रेट एवं कार्यान्वित कर दिया है.
- **एनपीए उधारकर्ताओं के लिए ऑनलाइन ओटीएस प्लेटफॉर्म** : बैंक ने एनपीए उधारकर्ताओं को ऑनलाइन ओटीएस आवेदन करने हेतु अपने कॉर्पोरेट वैबसाइट पर विकल्प विकसित किया है एवं तत्संबंधी प्रक्रिया भी उपलब्ध करायी है.
- **आईवीआर पर अतिरिक्त सेवाएँ:** बैंक ने अपने मौजूदा एवं भावी ग्राहकों को ज्यादा सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से आईवीआर के माध्यम से नयी सेवाएँ शुरू की हैं जैसे कि : पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, वरिष्ठ नागरिक योजना, सुकन्या समृद्धि योजना , एनपीएस, पीपीएफ़, बीमा आवेदन, म्यूचुअल फ़ंड आवेदन , लॉकर

प्रेस विज्ञप्ति

सुविधा, जमा खाता खोलना , टीडीएस/ फॉर्म 16 प्रमाणपत्र, एसएमएस अलर्ट, एलपीजी आईडी लिंक करना , खाता विवरण इत्यादि के लिए निवेदन.

वित्तीय समावेशन :

- 30 जून, 2019 को प्रधानमंत्री जनधन योजना **(पीएमजेडीवाई)** के अंतर्गत बैंक में 1 करोड़ से भी अधिक खाते हैं, जिनमें ₹2404 करोड़ की राशि जमा है और 56 लाख रूपे कार्ड जारी किए गए हैं.
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना **(पीएमएसबीवाई)**, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना **(पीएमजेजेबीवाई)** और अटल पेंशन योजना **(एपीवाई)** के अंतर्गत कुल नामांकन बढ़कर क्रमश : 39.3 लाख, 14.9 लाख एवं 5.2 लाख हो गयी है.
- बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अप्रैल-जून 2019 के दौरान 32186 खातों में ₹624 करोड़ का वित्तपोषण किया है, जिसमें हल्के व्यावसायिक वाहनों के वित्तपोषण हेतु विशेष योजना द्वारा 3494 लाभार्थियों को दी गयी ₹90 करोड़ की राशि शामिल है.

नेटवर्क :

- 3 समुद्रपारीय शाखाओं हांगकांग, डीआईएफ़सी (दुबई) तथा सिडनी (आस्ट्रेलिया) को मिलाकर, 30 जून, 2019 को बैंक का शाखा नेटवर्क 4288 है. इसके अतिरिक्त आबू धाबी में बैंक का प्रतिनिधि कार्यालय है. बैंक अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमिटेड' के माध्यम से इंग्लैंड में भी अपना कारोबार कर रहा है.
- 30 जून, 2019 को बैंक के 5014 टॉकिंग एटीएम और 5586 माइक्रो एटीएम सहित कुल एटीएमों की संख्या 12147 हो गई है. शाखा के सापेक्ष एटीएम का अनुपात 2.8 है (माइक्रो एटीएम सहित).

अप्रैल-जून 2019 के दौरान पुरस्कार एवं सम्मान:

द्वारा पुरस्कृत	पुरस्कार	के लिए पुरस्कृत
स्कॉच	स्कॉच अवार्ड	एमएसएमई में नेतृत्व : गोल्ड – एमएसएमई श्रेणी के अंतर्गत बैंकिंग
	स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड	बैंक की सभी शाखाओं एवं कार्यालयों में 13 महीनों के रिकॉर्ड समय में सीबीएस वर्जन के फिनेकल 7 से फिनेकल 10 में सफलतापूर्वक माइग्रेशन
गवर्नेंस नाव	बीएफ़एसआई अवार्ड	डिजिटल वित्तीय समावेशन पहल
कंतर CX+ इंडिया	कंतर CX+ इंडिया अवार्ड	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में “असाधारण सेवा वितरण 2019”

---x---

दिनांक: 02 अगस्त, 2019

स्थान : मुंबई